हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 18 मई 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 प्रशिक्षण के पहले दिन साक्षरता विकास के साथ नैतिक विकास पर हुई चर्चा



## खबर संक्षेप

### 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन 20 से

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2024-25 में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में 20 मई से 9 जून तक आयोजित किया जाएगा। 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर बास्केटबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, नेट बॉल, कराते, फेंसिंग, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग के शहरी एवं ग्रामीण बालक बालिका को भाग लेने की पात्रता है। शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक बालक एवं बालिकाएं संबंधित खेल संघ या खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर में अपना आवेदन जमा कर सकते है या जानकारी प्राप्त कर सकते है। बास्केटबॉल प्रशिक्षण का आयोजन बास्केटबॉल मैदान जांजगीर में, हैण्डबाल खेल प्रशिक्षण हैंडबॉल मैदान जांजगीर में, फुटबॉल हाई स्कूल मैदान जांजगीर में, हॉकी ध्यानचंद्र हॉकी खेल मैदान जांजगीर में, वॉलीबॉल सिटी क्लब जांजगीर में, नेटबाल, कराते, फेंसिंग हाई स्कूल मैदान जांजगीर में एवं सॉफ्टबॉल, बेसबॉल खेल प्रशिक्षण का आयोजन मेला ग्राउंड शिवरीनारायण में आयोजित होगा।

### निजी प्रैक्टिशनर महिला चिकित्सक पद के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास व आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास व आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर जिला जांजगीर-चांपा के निजी प्रैक्टिशनर उपाधि वाले 2 महिला चिकित्सक की माह जुलाई से अप्रैल 2025 तक के लिए आवश्यकता है, जिसके लिए 31 मई को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, रजिस्टर्ड अथवा सीधे जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### कमरीद में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** गुरु घासीदास चिकित्सालय कात्रे नगर सोंठी आश्रम चाम्पा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बलौदा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कमरीद के भाठापारा में शनिवार 18 मई को प्रातः 8 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर में डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का उपचार कर मौके पर दवाई का वितरण किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अलावा मितानिनों की मदद भी ली जाएगी। ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ ले सके।

### सक्ती में आदतन अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**सक्ती।** सक्ती जिले मे विगत 03 माह से अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो पर लगातार ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है। 2 मई को राहुल अग्रवाल पिता स्व. संतोष अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी सक्ती, पुराना स्टेट बैंक के पीछे, को आईपीएल क्रिकेट मैच मे ऑनलाइन सट्टा विकल्प के आरोप मे धारा 07 छ.ग. जुआ अधिनियम 2022 मे गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। जिसमे राहुल अग्रवाल को आदतन अपराधी होना बताया गया है। ताकि भविष्य में इसकी आपराधिक प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाया जा सके। जिले मे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियो पर प्रभावशाली नियंत्रण रखने के उद्येश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा अभी तक 24 आदतन अपराधियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उनका नाम गुण्डा बदमाश सूची में लाया गया है।

3980 सीटों के लिए 5 हजार आवेदक मिले पात्र, 1 जून से प्रारंभ होगी भर्ती

# शिक्षा का अधिकार : एडमिशन की आस में आवेदन करने वाले 2 हजार से अधिक अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत जिले के करीब साढ़े 4 सौ निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा पाने 77 सौ छात्र छात्राओं ने आवेदन किया था, लेकिन जांच के दौरान ढाई हजार से अधिक आवेदक अपात्र हो गए। शेष 5 हजार छात्र छात्राएं पात्रता के दायरे में है। जिनमें से निर्धारित सीट पर एडमिशन की प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ होगी।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब वर्ग से आने वाले बच्चों को निजी स्कूलों में 25 फीसदी आरक्षित सीट के अनुसार भर्ती किया जाना रहता है। बच्चे जो पढाई लिखाई करते है। उसकी फीस शासन के द्वारा निजी स्कूलो को सालाना प्रदान की जाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार जांजगीर-चाम्पा जिले के 456 निजी स्कूलों के 3 हजार 9 सौ से भी अधिक आरक्षित सीटो पर गरीब बच्चों को पात्रता के आधार पर भर्ती लिया जाना है ताकि बच्चे अन्य बच्चों की तरह निजी स्कूलो में पढ़ लिख सके। व्यवस्था के तहत जो 3 हजार 9 सौ सीट आरक्षित है उसके हिसाब से 7 हजार 7 सौ आवेदन आनलाइन प्राप्त हुए है। जो सीट निर्धारित है। उसके मुकाबले करीब 2 हजार 7 सौ अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। ऐसे में पात्रता एवं लाटरी पद्धति से बच्चों का चयन शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत किया जाएगा। खास बात यह है कि निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा की आस लिए आवेदन करने वाले 27 सौ आवेदक छात्र छात्राओं के नाम अपात्र सूची में है। ऐसे में शेष बचे 5 हजार आवेदन पत्रों पर निर्धारित सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने लॉटरी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आवेदनों की पात्रता जांच पड़ताल शुक्रवार 17 मई तक की रखी गई थी। आरटीई में पहले चरण के तहत प्रवेश पाने के लिए 1 मार्च से लेकर बुधवार 15 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन मंगाए गए थे।

इसके बाद प्राप्त आवेदनो की जांच एवं सत्यापन कार्य 17 मई तक किया गया था। वहीं 20 से 30 मई के बीच सीटों की संख्या अधिक होने की स्थिति में लाटरी सिस्टम निकाला जाएगा। वहीं इसके बाद बच्चों की भर्ती प्रकिया 1 जून से 15 जून के मध्य आयोजित किया जाएगा। साथ ही साथ अगर किसी कारण वश बच्चो का दाखिला निजी स्कूलों में नही हो पाता तो ऐसे बच्चो को दूसरे चरण मे एडमिशन होने मौका मिलेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो दस्तावेजों के अभाव में कई गरीब बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं हो पाता। एडमिशन पाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड, पालक का आधार कार्ड, बीपीएल सर्वे सूची में नाम, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज जरूरी रहता है।

#### खास बातें

- 7 हजार 7 सौ ने किया था आवेदन
- 25 से 30 मई के मध्य लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा चयन




#### शिक्षा का अधिनियम के तहत करोड़ों बकाया

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा पहली सं कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा पात्र गरीब बच्चों को प्रदान की जाती है। इसके लिए निजी स्कूलों के 25 प्रतिशत सीट आरक्षित रहते है। हर साल निजी स्कूल संचालकों के द्वारा हजारों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके एवज में प्रति बच्चे निजी स्कूल संचालकों को 8 हजार से लेकर 12 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है, ताकि गरीब बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ लिख सके। उधर निजी स्कूल संचालक बच्चों को फ्री में पढ़ा देते है, लेकिन उन्हें शासन द्वारा मिलने वाली राशि समय पर नहीं मिल पाती। देखा जाए तो अभी भी निजी स्कूल संचालकों को करोडों रुपए की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। इस समस्या को लेकर निजी स्कूल संचालक कई बार कलेक्टर से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से अवगत करा चुके है, लेकिन इसके बाद समस्या जस की तस बनी हुई है।

#### की गई जांच

जिले के 454 निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 3 हजार 9 सौ सीट आरक्षित है। जो सीट निर्धारित है उसके मुकाबले 77 सौ आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 5 हजार आवेदन पात्रता के दायरे में आए है। इन बच्चों का चयन लाटरी सिस्टम से किया जाएगा। वहीं भर्ती प्रक्रिया जून महीने से शुरू हो जाएगी।

-आशुतोष सिंह
प्रभारी, आरटीई शाखा
जांजगीर चांपा

## ईंट भट्ठों में दबिश देकर 3 संचालकों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

खनिज के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों की जब्ती बनाई गई है। वहीं ईट भट्ठों में दबिश देकर अवैध ईंट भट्ठा संचालन पर कार्रवाई करते हुए 3 संचालकों को नोटिस भेजा गया है।

- 5 वाहनों को जब्त करने की गई कार्रवाई

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिले में संचालित अवैध ईंट भठ्ठे ग्राम सेंदरी के तीन ईंट भट्ठों पर कार्यवाही की गई। साथ ही संबंधित ईंट भट्ठा मालिक कल्याण साहू एवं वेदप्रकाश को नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाये 5 वाहनों पर कार्यवाही कर थाना डभरा एवं हसौद के सुपुर्दगी में रखा गया। जिला खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है।



जब्त वाहन के साथ पुलिस टीम।

### मौसम में छाई बदली, तापमान गिरने से लोगों ने ली राहत की सांस

**जांजगीर-चांपा।** पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है। वहीं दोपहर एवं सुबह के समय बदली छाई रहती है। जिसके कारण तापमान में गिरावट देखी जा रही है। शुक्रवार 17 मई को जहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। इधर तापमान में गिरावट होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं पिछले दो दिनों से दोपहर के समय आवाजाही कर रहे है। तापमान में आ रही गिरावट का असर जिला मुख्यलय जांजगीर समेत पामगढ़, अकलतरा, चांपा, शिवरीनारायण, सारागांव, बलौदा, बम्हनीडीह सहित अन्य क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। लोग अब राहत की सांस ले रहे है।

## हादसा...




**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा के हसौद रोड मे जीनियस पब्लिक स्कूल के सामने बिर्रा मे घिंवरा के तरफ से आ रही गुरूवार की दरमियानी रात एक तेज़ रफ़्तार ट्रक सीजी 04 एनजेड 9717 बिर्रा के सड़क किनारे बने एक घर मे जा घुसी। शुक्र है घर मे कोई नहीं था। बताया जाता रहा है ट्रक ड्राइवर को मामुली चोटें आई है। घर में कोई नहीं होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। फोटो : हरिभूमि

# वैंकेसी से चार गुना अधिक पहुंचे बेरोजगार, 4 को मिली नौकरी

## प्लेसमेंट कैंप से युवाओं का हो रहा मोह भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्व रोजगार एवं नौकरी से जोड़ने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान सेल्स एक्जूटिव समेत 15 पदों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें नौकरी पाने 58 बेरोजगारों ने आवेदन जमा किए। जिसमें से 4 बेरोजगार का मौके पर ही चयन किया गया।

ज्ञात हो कि नौकरी की तलाश कर रहे शिक्षित युवा बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए शुक्रवार 17 मई को जिला मुख्यालय जांजगीर के रोजगार कार्यालय जांजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें टाटा मोटर्स, जेडी, आटो नेशनल जांजगीर टीम लीडर के 2 पद, सेल्स एक्सुकेटिव के 10 पद एवं एलआईसी एजेंट बनने 3 पदों को मिलाकर कुल 15 पदों पर भर्ती किया जाना था। जिसमें नौकरी पाने के लिए 58 शिक्षित युवा बेरोजगारों ने उपस्थित होकर आवेदन जमा किए। आवेदनों की जांच पड़ताल एवं निर्धारित योग्यता को देखते हुए 4 लोगों का मौके पर चयन किया गया। शेष 11 पदों पर भर्ती बाद में की जाएगी। देखा जाए तो शिक्षित युवा बेरोजगारों का प्लेसमेंट कैंप से मोह भंग होते जा रहा है। जिले में शिक्षित युवा बेरोजगारों की संख्या 1 लाख 60 हजार को भी पार कर गई है। वहीं ऐसा भी नहीं कि जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैंप का आयोजन ना किया जा रहा हो। इन सबके बावजूद कई शिक्षित युवा बेरोजगार नौकरी एवं स्व रोजगार की ओर भी ध्यान नहीं दे पा रहे है। वहीं जिम्मेदार विभाग का अमला बेरोजगारों को नौकरी से जोड़ने जागरूक नहीं कर पा रहा है। शुक्रवार 17 मई को प्लेसमेंट कैंप में नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 10 से 25 हजार रुपए की राशि वेतनमान के रूप में रखी गई थी। इन सबके बावजूद कई युवाओं का चयन नहीं हो पाया। एक तरफ तो राज्य शासन के कौशल विभाग के माध्यम से शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्व रोजगार एवं नौकरी से जोड़ने हर साल लाखों रुपए खर्च किए जाते है। वहीं स्व रोजगार से जोड़ने बड़े बड़े दावे भी किए जाते है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। इधर पहले जहां जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले को मिलाकर 25 से अधिक वीटीपी सेंटर का संचालन हो रहा था। इनके माध्यम से ब्लाक स्तर पर ना केवल शिक्षित युवा बेरोजगारों को ट्रेनिंग देकर स्व रोजगार से जोड़ा जाता रहा, लेकिन इसके बाद कई वीटीपी सेंटर बंद हो गई। स्थिति यह है कि वर्तमान समय में आधा दर्जन से भी कम वीटीपी सेंटरों का संचालन जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले में किया जा रहा है। जिसके चलते शिक्षित युवा बेरोजगारों का स्व रोजगार एवं नौकरी से धीरे धीरे मोह भंग होता जा रहा है।



प्लेसमेंट कैंप में नौकरी पाने पहुंचे बेरोजगार युवा।

#### 4 का हुआ चयन

टाटा मोटर्स एवं बीमा कंपनी के माध्यम से 15 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। नौकरी पाने 58 युवा बेरोजगार पहुंचे, जिनमें निधारित पात्रता एवं मापदंडों को देखते हुए 4 बेरोजगारों का चयन किया गया है।

-एम.आर. जायसवाल,
जिला रोजगार अधिकारी

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फगुरम

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम घिवरा की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

इस संबंध में फगुरम पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 17 मई को सक्ती जिले के ग्राम केरीबंधा निवासी राजेश्वर गोंड़ पिता झाडूराम गोंड़ उम्र 40 वर्ष की लाश ग्राम पंचायत घिवरा में मिली है। इस मामले की सूचना आसपास के लोगों के द्वारा फगुरम पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहीं युवक के शव को पंचनाामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस द्वारा वाहन के नंबर के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है।




### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा के 5 व जिला सक्ती के 2 कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु आवेदन 20 मई से 31 मई तक आमंत्रित किया गया है। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अधीक्षिका कार्यालय में उपस्थित हो कर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। इन विद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग में गरीबी रेखा के नीचे आउट ऑफ स्कूल व अनाथ बच्चो एकल अभिभावक के छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

## सुरक्षागार्ड से धारदार हथियार से मारपीट, छह आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सीसीआई कंपनी के सुरक्षागार्ड से शराब पीने के लिये पैसे मांग कर घातक हथियार से मारपीट करने वाला अपचारी बालक समेत 6 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलवंत सिह चंदेल पिता सृव.मोती सिह चंदेल सीसीआई अकलतरा में गार्ड की नौकरी करता है। इसी दौरान ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक थी। इसी दौरान 26 अप्रैल की रात्रि कुछ अज्ञात 8 से 10 व्यक्ति सीसीआई कुंवारी गेट के पास पानी के लिए लगा लोहे का पाईप को गड्डा करके निकाल रहे थे तब प्रार्थी एवं अन्य गार्ड मिलकर उन्हे आवाज देकर रोकने की कोशिश किये। उसी समय तरौद चौक तरफ से दो कार में वही अज्ञात 8 से 10 व्यक्ति वापस आये डण्डा से मारपीट किये है। मारपीट से प्रार्थी व अन्य 4 सुरक्षागार्ड को चोटे आयी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी राजेश रात्रे ,मना कुमार जोगी, सूरज कुर्रे, नितेश, राकेश कुमार मनहर एंव एक विधि से संघर्ष बालक को मनोज टण्डन निवासी मुरलीडीह को न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया।

मतदान में घर बुलाकर वाहवाही लूट रही जिला प्रशासन

# रोजी रोटी के लिए पलायन का नहीं थम रहा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सरकार की तमाम योजनाओं के बावजूद जिले में पलायन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रोजी रोटी की तलाश में मजदूरों का दीगर प्रांत में पलायन जारी है। जिले के मजदूर ईंटभट्टे में काम करने दूसरे प्रदेश में जाते हैं। पंचायतों में पलायन पंजी का संधारण नहीं करने से पलायन करने वालों की वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ पाती।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद के लिए सरकार कई योजनाएँ चला रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने गरीब तबके के लिए कई योजनाएँ बनाई है। मजदूरों कों गांव में ही रोजगार दिलाने के लिए मनरेगा योजना संचालित है। राशन भी मुफ्त में दिया जा रहा है। वहीं पीएम आवास और सीएम आवास की योजना भी गरीब तबके के लिए चलाई जा रही है। शासन प्रशासन योजनाएं गचलाकर रीबों के लिए आवास, खाने और रोजगार का इंतजाम करने का दावा करती है। लेकिन मैदानी हकीकत कुछ और ही है। जिले से हर साल बड़ी तादात में गरीब तबके के खेतीहर मजदूर पलायन करते हैं। खेती किसानी का काम बंद होने के बाद मजदूर अपने परिवार समेत बाहर जाते हैं। अधिकांश मजदूर ईंट बनाने का काम करने के लिए पलायन करते हैं। जिले के ज्यादातर मजदूर पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, दिल्ली जाते हैं। पलायन का ये सिलसिला कई दशक से चल रहा है। खेती का काम पूर्ण होने के बाद लेबर सप्लायर इन मजदूरों का पलायन कराते हैं। पंचायतों में पलायन रजिस्टर का भी सही ढंग से संधारण नहीं हो रहा, जिसके कारण पलायन करने वा लों की वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ पाती। कोरोना काल में अविभाजित जिले में 1 लाख से अधिक मजदूरों को दीगर प्रांतो से वापस लाया गया था। इसके लिए स्पेशल ट्रेन चलवाई गई थी। बाद में स्थिति सामान्य होने के बाद मजदूरों का फिर से पलायन शुरू हो गया। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी तादात में मजदूरों ने परिवार समेत पलायन कर लिया है। मजदूरों के लगातार हो रहे पलायन से सरकार के योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रश्न चिन्ह लगने लगा है।




फाईल फोटो-

#### चलाया जाएगा अभियान

जिले से हर साल दिगर प्रांत कमाने खाने के लिए मजदूर जाते है। कई मजदूर ज्यादा कमाई करने के लिए अन्य प्रांत की ओर रूख करते है। पलायन रोकने जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।

-समीर मिश्रा,
श्रम पदाधिकारी
जांजगीर चांपा

पगड़ी रस्म



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री रामचंद्र थावाणी का स्वर्गवास गुरुवार दिनांक 15/05/2024 को हो गया है। मृतात्मा की शांति के लिए पगड़ी रस्म (श्रद्धांजलि सभा) का कार्यक्रम शनिवार दिनांक 18/05/2024 को सायं 5 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर भवन बी.डी.एम. शासकीय चिकित्सालय चांपा के पास आयोजित है।

विशेष : महिलाओं की बैठक व्यवस्था भी स्कूल परिसर में पृथक से की गयी है।

स्व. रामचंद्र थावाणी

शोकाकुल :- लक्ष्मण दास थावाणी (अनुज)

श्रद्धावनत :- संजय, विजय, डॉ. अजय (पुत्र) एवं समस्त थावाणी परिवार चांपा

फर्म :- रामा क्लॉथ स्टोर, रामा फूड्स, थावाणी डेंटल क्लीनिक, चांपा (छ.ग.)

## क्राइम फाइल

### मासूम के साथ छेड़छाड़ आरोपी की जमकर पिटाई

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। क्षेत्र में किराना दुकान का संचालन करने वाले अधेड़ ने घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने अधेड़ की जमकर खबर ली और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है,कि मासूम बच्ची दुकान में सामान खरीदने के लिए गई हुई थी,इसी दौरान संचालक ने उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में बात सामने आई है,कि संचालक ने इससे पहले भी कई बच्चियों के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला के गले से रास्ते में गुमा सोने की हार

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार कुम्हारपारा निवासी कृष्णा लाल यादव अपनी पत्नी के साथ बाईक में सवार होकर ग्राम कटसिरा वैवाहिक कार्यक्रम में गये हुऐ थे। वहां से खाना खाकर वापस दोपहर 3 बजे वापस अपने बाईक से हरदीबाजार कुम्हार पारा आ गये। जब उसकी पत्नी की नजर अपने गले पर पड़ी तो होस उड़ गए। गले से सात नग लाकेट की माला गले से रास्ते में कही गिर गया है।

### करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत


**कोरबा।** करंट की संपर्क में आने से एक कालेज छात्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी विकास नगर निवासी जितेश मधुकर कालेज का छात्र है। बुधवार की रात घर में कुछ तकनीकी अवरोध आने पर वह उसका सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान युवक करंट के संपर्क में आ गया और झटके खाने के साथ वह छटपटाते हुए मौके पर गिर पड़ा। जितेश को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फसल को चौपट कर हाथियों का झुण्ड पहुंचा सरहद पर, अलर्ट जारी



**कोरबा।** कोरबा व धरमजयगढ़ वनमंडल की सरहद पर 2 दर्जन हाथी विचरण कर रहे हैं। इस हाथी के झुण्ड ने बुधवार की रात उत्पात मचाते हुए कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी में ग्रामीणों के खेत पर लगे धान की फसल को चौपट कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला सुबह मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन करने में जुट गय। हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपए की चपत लगी है। हालांकि वास्तविक स्थिति सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात पिछले कई दिनों से जारी है। हाथी यहां के जंगल में लगातार मौजूद रहकर ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फर रहे हैं। हाथियों के लगातार उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर वन परिक्षेत्र को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां 4 दर्जन से अधिक की संख्या में हाथी मौजुद है। जिसमें से 13 हाथ्सी केंदई रेंज के कापानवापारा तथा 4 लालपुर में सक्रिय है। जबकि 32 हाथी एतमानगर के जंगलों में विचरण कर रहे हैं। राहत की बात है कि बड़ी संख्या में हाथियों की मौजुदगी के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचा रहे है।

### चालक को आई झपकी ट्रेलर गिरा नाले में



**कोरबा।** एसईसीएल की गेवरा खदान जाने निकला एक ट्रेलर लक्ष्मण नाला में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि चालक और क्लीनर को चोटें नहीं आई। वहीं वाहन के खाली होने से मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मण नाला के समीप हुई है। ट्रेलर क्रमांक सीजी-12 डीएम-4515 को लेकर उसका चालक एसईसीएल की गेवरा माइंस जा रहा था। वहां से इस पर कोयला लोड कर गंतव्य को जाना था। इससे पहले ही ट्रेलर हादसे का शिकार हो गया। लक्ष्मण नाला क्षेत्र से गुजरने के दौरान चालक को एकाएक झपकी आ गई। इससे वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और रेलिंगविहिन नाले में जा गिरा। हालांकि घटना में चालक और उसके क्लीनर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है।

## आक्रोशित वार्डवासियों ने नगर पालिका कार्यालय का किया घेराव

# जल संकट: कटघोरा के वार्ड क्रमांक 2 में पानी के लिए मचा हाहाकार



पानी के लिए प्रदर्शन करती महिलाएं।



अधिकारियों से चर्चा करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्र 2 के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं नगर पालिका कार्यालय पहुंची और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीएमओ के नहीं होने पर सब इंजीनयर के आफिस के भीतर घुसकर नारेबाजी की गई। जिसे देखते हुए नगर पालिका के अधिकारियों ने जल्द से जल्द जल संकट को दूर करने का आश्वासन दिया है।

मई माह शुरू होते ही गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। दिन ब दिन तापमान का पारा बढ़ता ही जा रहा है। लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जल आपूर्ति को लेकर एक ओर शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में गर्मी में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। लोगों की समस्या के लिए जनप्रतिनिधियों का चयन किया गया था, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो, लेकिन वर्तमान में नगरवासी पानी जैसी समस्या से जूझ रहे हैं, पार्षद और अधिकारी अपनी अपनी राजनीति में मसगुल है। यही वजह है कि जल संकट को लेकर वार्ड क्रमांक 2 के लोगों ने मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित नगरवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे जहां महिलाओं ने नगर पालिका के इंजीनयर के आफिस में बैठकर जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति करने की बात कही। इंजीनयर ने नाराज वॉर्डवासियों को आश्वस्त किया कि गुरूवार की शाम तक पानी आपूर्ति बहाल हो जाएगी। इस दौरान वार्ड पार्षद ममता अग्रवाल वहां मौजूद रही।

**खास बात**

- कार्यालय के भीतर पानी दो और नगर प्रशासन हाय हाय के लगे नारे

**10 दिनों से पानी की बनी हुई है किल्लत**

इतनी गर्मी में नगर पालिका क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है वार्डों में नलों की टोटियां सुख गई है लोग पीने का पानी खरीदने के लोग मजबूर है ऐसे समय मे वार्डवासियों की समस्याओं के लिए पार्षद की निष्क्रियता तथा नगर पालिका अधिकारी के गैरजिम्मेदाराना रवैये को लेकर वार्डवासी जिम्मेदार अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेते हए कार्यवाही की मांग कर रहे है । वहीं लोगों ने बताया कि पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है 10 दिनों से पीने की लिए पानी भी नसीब नही हो रहा हैं।

**शिकायत कर थक चुके वार्डवासी**

वॉर्डवासियों ने बताया कि वार्ड के सैकड़ों परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। वार्ड का नलकूप खराब होने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था से मिलने वाला पानी भी बंद हो गया है। नगर पालिका अधिकारी से शिकायत कर थक चुके हैं आम नागरिक पानी की व्यवस्था के लिए परेशान हैं। जिनके घरों में मोटर लगा है उनका तो काम चल जा रहा है लेकिन नलजल के भरोसे रहने वाले पानी खरीद कर पी रहे हैं। वार्डवासी हसन अली ने कहा कि पिछले कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है।



खदान का निरीक्षण करते अधिकारी।

## ईएसी कमेटी के सदस्यों ने गेवरा हाउस में ली बैठक, दिया दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दौरे पर आए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ईएसी (कोल) कमेटी के सदस्यों ने एसईसीएल सीएमडी की उपस्थिति में गेवरा हाउस में एसईसीएल के मेगा परियोजनाओं दीपका, गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र में विस्तार योजनाओं व पर्यावरण संरक्षण को लेकर उपायों की समीक्षा की गई।

गुरूवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईएसपी कमेटी के सदस्यों डॉ.शरद सिंह नेगी, आईएफ़एस ((सेवानिवृत्त), चेयरमैन, ईएसी (कोल), प्रोफेसर श्याम शंकर सिंह, सदस्य, ईएसी कोल, अमित वशिष्ठ, सदस्य सचिव ईएसी (कोल) एवं डॉ.पसुपाला रवि, वैज्ञानिक डीआईआरओ, रायपुर द्वारा सीएमडी डॉ.प्रेमसागर मिश्रा की उपस्थिति में गेवरा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा हाउस में एसईसीएल की तीन मेगापरियोजनाओं गेवरा, दीपका, एवं कुसमुंडा तथा कोरबा क्षेत्र की समीक्षा की। बैठक के दौरान परियोजनाओं की विस्तार योजना के बारे में चर्चा की गई एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जाने वाले उपायों की भी समीक्षा की गई। बैठक में तीनों मेगापरियोजनाओं के महाप्रबंधक एसके मोहंती, क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा, अमित सक्सेना, क्षेत्रीय महाप्रबंधक दीपका, राजीव सिंह क्षेत्रीय महाप्रबंधक कुसमुंडा तथा दीपक पंडया, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा एवं एसईसीएल मुख्यालय से बीके जेना महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष, पर्यावरण एवं वन उपस्थित रहे। बैठक से पहले कमेटी के सभी सदस्यों एवं सीएमडी डॉ.प्रेम सागर मिश्रा द्वारा गेवरा हाउस प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

**कुसमुंडा खदान भी गए**

गेवरा हाउस में बैठक के पश्चात ईएसी (कोल) कमेटी के सदस्यों ने कुसमुंडा खदान का दौरा किया एवं खदान में उतरकर खनन गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कोर टीम से चर्चा कर खदान की विस्तार योजना एवं पौधरोपण सहित पर्यावरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## अप्पू गार्डन के वेवपूल में हंगामा, अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वेवपूल जहां हुआ था हंगामा।

विगत दिनों अप्पू गार्डन के वेवपूल में अज्ञात युवकों ने जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में निगम आयुक्त की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत निगम द्वारा विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) का संचालन किया जाता है जिसमें गर्मी के दिनों में वेवपूल का संचालन किया जा रहा है। 12 मई को वेवपूल के संचालन के दौरान दोपहर 12:30 बजे कुछ अज्ञात उत्पाती युवकों द्वारा बिना टिकट लिये मेनगेट के दरवाजे को जबरन धक्का देकर तथा दिवाल फांदकर गार्डन अंदर घुस गए तथा आपस में मारपीट करते हुए हुड़दंग मचाने मचाते हुए गार्डन अंदर लगे गमलों को उठाकर टाईल्स में पटक दिये एवं गाली गलौच करने लगे। जिससे नगर पालिक निगम को आर्थिक क्षति हुई है एवं शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। निगम आयुक्त की लिखित शिकायत पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने अज्ञात हंगामेबाजों के खिलाफ धारा 294,186,426,427,34 एवं 3 सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है। बताया जाता है कि गार्डन में लगे सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों का नामजद अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार करेगी।

### मालवाहक गाडि़यों में बैठा रहे सवारी, नहीं हो रही कार्रवाई

**कोरबा।** जिले में वाहन चालकों की लापरवाही से लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद वे लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर के चौक-चौराहे से मालवाहक गाडि़यों में सवारी ढोए जा रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। बावजूद इन लापरवाह चालकों पर यातायात पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है। यातायात पुलिस द्वारा इन पर कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही है। जिले की सडक़ों में माल वाहक वाहनों में सवारी होना आम बात है। मालवाहक गाड़ी के पीछे सवारी बैठा दिया जा रहा है। इसमें भी ट्राली में भीड़ इतनी खचाखच भरी हुई थी कि कुछ लोगों को ट्राली पर लटककर बैठना पड़ता है। वाहन में बच्चे भी सवार रहते हैं। कुछ इसी तरह का नजारा पावर हाउस नहर पुल से होकर संजय नगर रेलवे फाटक के पास देखने को मिला। जबकि रेलवे फाटक की सडक़ जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा कई मुख्य मार्ग और गली-मोहल्ले की सडक़ पर स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं।

## कलेक्टर ने गेवरा कोल माइन्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खदान का निरीक्षण करते कलेक्टर व अन्य।

कलेक्टर अजीत वसंत ने मेगा परियोजना गेवरा कोयला खदान का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने खदान में किए जाने वाले कोयला उत्खनन, आधुनिक मशीनों के माध्यम से सतह स्तरीय माइनिंग की प्रक्रिया, डम्फरों और माल गाड़ी के माध्यम से कोयले का परिवहन सहित कोयले का भण्डारण, साइलो और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर ने गेवरा खदान के व्यू पॉइंट से माइन्स की गतिविधियों को देखने के अलावा एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसईसीएल प्रभावित क्षेत्रों की सड़कों में नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। इसके साथ ही प्रभावित ग्रामों में पेयजल की समस्या को दूर करने टैंकरों के माध्यम से जल की आपूर्ति की जाए। कलेक्टर ने सुबह 8 से 10 बजे के बीच पानी की आपूर्ति टैंकर के माध्यम से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोयला खदानों में हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण रखने और अति आवश्यक होने पर सीमित ब्लास्टिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने परियोजना के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे उपाय,पौधरोपण, सीएसआर गतिविधियों, भू-अर्जन,राजस्व प्रकरण,पुनर्वास एवं रोजगार प्रकरणों से सम्बंधित समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा कर एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, मेगा परियोजना गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एस के मोहंती,एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे उपस्थित थे।

**खास बात**

- समय पर टैंकर से पानी आपूर्ति और सड़कों पर नियमित छिड़काव के दिए निर्देश

## तीन अलग-अलग मकानों में चोरों का धावा, आभूषण ले भागे चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में मकानों में ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आयी है। जहां चोरों ने तीनों स्थानों से सोने चांदी के जेवरातों सहित अन्य सामानों की चोरी की है। तीनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने तीनों ही मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरसियां निवासी बादल सिंह उम्र 33 वर्ष पिता बिन्देश्वरी सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 मई को वह अपने परिवार के साथ विवाह कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गये थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर मकान में रखे फ्रीज, कूलर, टीवी, चांदी की पायल, सोने का मंगलसूत्र एवं सोने की कान की बाली तथा नगदी 35 हजार रुपए सहित अन्य सामानों की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरीकला के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद साहू मोहल्ला निवासी रामशरण 10 मई की रात्रि लगभग 11 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोया था। रात्रि लगभग 3 बजे अचानक नींद खुलने पर उसने देखा कि गली का दरवाजा खुला है, स्कूटी बाहर में खडी है, तब चोरी का शंका होने से अपने आसपास को देखा और बेड में मोबाईल नहीं था, आलमारी का लाकर टूटा हुआ था, लाकर में रखे एक सोने के चेन, चांदी का पायल एवं नगदी रकम 15 हजार को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। तीसरी चोरी की घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। यहां निवासरत स्वाति वाल्मिकी आरटीओ का काम करती है तथा स्वाति का पति बीमा कंपनी में रिकवरी का काम करता है। 4 अप्रैल को लगभग 10.30 बजे घर में ताला लगाकर वह अपने काम में चली गई। इसी दौरान उसके घर से किसी अज्ञात चोर ने सोने का हार एवं नगदी 10 हजार रुपए को पार कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

## मतगणना के लिए प्रशिक्षण 24 को

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के मतगणना हेतु विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के तहत जिले में 24 मई को प्रातः 10 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट कोरबा के नवीन सभाकक्ष में श्रीकांत वर्मा, पुलक भट्टाचार्य एवं शीतल अग्रवाल द्वारा मतगणना का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## डोनर के भरोसे चल रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का ब्लड बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड की किल्लत से जूझ रहा है। यहां के ब्लड बैंक में हर महीने जितने ब्लड की जरूरत होती है उसका आधा ब्लड ही अस्पताल में उपलब्ध हो पाता है। खासतौर पर सिकलिंग और थैलेसीमिया के मरीजों के लिए यह परिस्थितियां बेहद घातक हैं

जिले के अस्पतालों में खून की कमी से थैलेसीमिया और सिकलिंग के मरीज परेशान हैं। इन मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से निःशुल्क ब्लड दिया जाता है, लेकिन मांग के अनुरूप ब्लड की सप्लाई काफी कम है। ब्लड बैंक पूरी तरह से ब्लड डोनर के भरोसे ही चल रहा है, जबकि ज्यादा ब्लड डोनर भी सामने नहीं आ रहे ऐसे में जरूरतमंद मरीजों को निजी ब्लड बैंक का भी सहारा लेना पड़ रहा है। सिकलिंग और थैलेसीमिया के मरीजों को हफ्ते 15 दिन या महीने में नियमित तौर पर ब्लड चढ़ाना पड़ता है। यदि इन मरीजों को समय पर खून नहीं दिया गया, तो उनकी मौत भी हो सकती है। शहर का मेडिकल कॉलेज अस्पताल हो या फिर अन्य अस्पताल सभी ब्लड के लिए ब्लड बैंक पर ही आश्रित रहते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में यदि कोई ब्लड डोनेशन कैंप लगे तो भी बमुश्किल 50-60 यूनिट ही ब्लड मिलता है।

**सामाजिक संस्थाओं के भरोसे चल रहा ब्लड बैंक**

आचार संहिता के प्रभाव के कारण ब्लड डोनेशन के बड़े कैंप नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण ब्लड बैंक में खून की किल्लत है। सामान्य दिनों में भी खून की कमी बनी रहती है, लेकिन वर्तमान परिवेश में किल्लत ज्यादा ही विकराल हो चुकी है, ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में जब कोई जरूरत मरीज़ पहुंच जाए या इमरजेंसी में किसी को ब्लड की जरूरत हो तो वह सीजी हेल्प वेलफेयर सोसाइटी जैसे संस्थानों से संपर्क करते हैं। ऐसे संस्था से जुड़े सदस्य और उत्साही लोग ब्लड डोनेट करते हैं।

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 104/ब-121/2023-2024
ग्राम सोनादह तहसील बम्हनीडीह

आवेदक राजकुमार कुर्रे उम्र 26 वर्ष पिता श्री हीरालाल जाति सतनामी निवासी सोनादह तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका शिवकुमारी यादव उम्र 20 वर्ष पिता श्री रामजी यादव जाति यादव निवासी ग्राम बिर्रा तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) बनाम छत्तीसगढ़ शासन

**इश्तहार**

आम जनता ग्राम सोनादह तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार कुर्रे उम्र 26 वर्ष पिता श्री हीरालाल जाति सतनामी निवासी सोनादह तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका शिवकुमारी यादव उम्र 20 वर्ष पिता श्री रामजी यादव जाति यादव निवासी ग्राम बिर्रा तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19.06.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

विवाह अधिकारी
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोडसरा प.ह.नं. 08 तहसील व जिला जांजगीर- चांपा छ.ग. में अवस्थित कृषि भूमि ख. नं 408/1, 408/2,408/3 408/4, 506, 607/1,607/2, 607/3, 607/4, 607/5, 607/7, 607/10, 607/11 रकबा क्रमशः 0.462, 0.607, 0.688, 0.890, 0.020, 0.809, 1.271 हेक्टेयर कुल रकबा 6.653 हेक्टेयर भूमियों पर माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश/निर्णय क्र./181/2007/ 28.1.2014 के परिपालन में माननीय न्यायालय तहसीलदार जांजगीर के आदेश क्र. 2022 03060 7056/3-6/2021-22 दिनांक 7.3.2024 को उक्त समस्त भूमियों में 1/2 हिस्से पर पटवारी फर्द बंटवारा किया जा चुका है। उक्त भूखंडों में ख. नं. 607/2 रकबा 1.271 हेक्टेयर भूमि को बोडसरा निवासी रामचरण दिव्य पिता खोलबहरा सतनामी के द्वारा अवैध रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नैला जांजगीर में बंधक रख दिया है जिसकी उच्च स्तरीय जांच चल रही है। फलस्वरुप बी. 1 खसरा में सुधार प्रक्रियाधीन है। फिर भी रामचरण, सोनचरण, रामलाल पिता स्व. खोलबहरा सतनामी एवं राकेश पिता रामेश्वर ग्राम बोड़सरा वालों के द्वारा उक्त भूमियों को अन्य के पास विक्रय, बंधक, रहन- गहन एवं धान विक्रय करने व अन्य निजी उपयोग में व्यपवर्तन करने का प्रयास किया जा रहा है जो अवैध है।

मैं इस आम सूचना के जरिए आम एवं खास व्यक्तियों, संस्थाओं, बैंकों एवं अन्य संस्थाओं को अगाह करता हूं कि उक्त भूमि पर कोई सौदा, विक्रय, बंधक, रहन गहन का निष्पादन नहीं करें अन्यथा भविष्य में होने वाली कानूनी व आर्थिक नुकसान का जवाबदार स्वयं होंगे। सो सूचना जाने ।

दिनांक - 17/05/2024
स्थान - रायगढ़

आम सूचनाकर्ता
धनंजय कुमार पिता- स्व. लल्लू राम
ग्राम बोडसरा हाल - मुकाम प्राची विहार कॉलोनी रायगढ़ जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ 496001
मोबाइल - 9826136268

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

# ऐश्वर्या का 'कॉन फेस्टिवल' में हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶ पेरिस

सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया गया। फैंस का प्यार देखकर ऐश्वर्या के चेहरे पर भी मुस्कान तैर आई। ऐश्वर्या राय कई बार कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले चुकी हैं। पहली बार उन्होंने वर्ष 2002 में कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था। इस बार भी वे फेस्टिवल में चार चांद लगाएंगी। ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या बच्चन को 16 मई को फ्रांस के कान्स में होटल मार्टिनेज में स्पॉट किया गया।

ब्लैक और ब्लू कलर के आउटफिट में ऐश्वर्या काफी स्टाइलिश लग रही हैं। उन्होंने भी हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या ब्लैक पैंड और स्वीटशर्ट में नजर आईं। बीती रात ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हुए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। लेकिन, ऐश्वर्या की तस्वीरों ने फैंस की चिंता बढ़ा दी। उनके हाथ में चोट लगी है। वे चोटिल हाथ के साथ फेस्टिवल में शामिल होने पहुंची हैं। फेस्टिवल के रेड कार्पेट में ऐश्वर्या जलवा दिखाती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय कान वर्ष 2003 में कान फिल्म फेस्टिवल की जूरी में भी शामिल हो चुकी हैं।

*77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय भी हिस्सा ले रही हैं। वे बेटी आराध्या के साथ फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंची हैं। जब अभिनेत्री कांस पहुंचीं तो वहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके भव्य स्वागत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।*







## आन्या -क्रिस ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसा: ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्स: फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## डाइटिंग कल्चर को दिया था बढ़ावा

**लॉस एंजिलिस।** ओपरा विन्फ्रे हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक हस्ती हैं। पूरी दुनिया में उनके करोड़ों चाहने वाले हैं। वे जो भी करती हैं उनके फॉलोवर्स उनकी बात को ध्यान से सुनते हैं और मानते भी हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे माफी मांगती नजर आईं। इन दिनों डाइटिंग-कल्चर को लेकर पूरी दुनिया में बहस चल रहा है। लोग स्वस्थ जीवन और वजन को लेकर काफी सजग हो रहे हैं। पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे ने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने डाइटिंग-कल्चर को बढ़ावा दिया है। मैं इसके लिए शर्मिंदा हूं।




## 'सिंगर की पत्नी' का टैग दिए जाने से नाराज हैं सोफी

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की जानी मानी एक्ट्रेस सोफी टर्नर पिछले कुछ वक्त से चर्चा में हैं।एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने सिंगर जो जोनस के साथ अपने तलाक के बारे में बात की है।इसके अलावा उन्होंने प्रियंका चौपड़ा, निक जोनस और जोनस फैमिली के साथ अपने रिश्तों के बारे में भी खुलकर बताया। सोफी का कहना है कि जो संग अपनी शादी के दौरान उन्हें इस बात से नफरत थी कि उन्हें और बाकी दो जोनस ब्रदर्स निक और केविन की पत्नियों को, सिर्फ पॉपुलर सिंगर की पत्नियां बुलाया जाता था। सोफी टर्नर ने कहा, 'तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों पर काफी ध्यान दिया जाता था। हमें हमेशा उनकी पत्नियां कहा जाता था और मुझे इस बात से बेहद नफरत थी यह प्लस वन वाली फीलिंग थी'. हालांकि सोफी ने सफाई देते हुए कहा कि उनके एक्स हसबैंड जो जोनस ने उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं करवाया।



## मंदिर में शॉट्स पहने पहुंचीं अंकिता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कैमरामैन वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अंकिता का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह काफी प्यारी लग रही हैं। हालांकि उन्होंने इस वीडियो में बताया है कि उन्हें चोट लग गई है। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए वीरल ने कैप्शन में बताया है कि यह वीडियो एक मंदिर का है। वीडियो में अंकिता लोखंडे मंदिर के दर्शन करके आ रही होती हैं। इस दौरान पैपराजी उनकी फोटो लेते हैं वह कहती हैं उन्हें चोट लगी है। रहने दो मैं मंदिर से आई हूं। इसके बाद वह कार में बैठकर चली जाती हैं। अब अंकिता का ये वीडियो वायरल होने हो गया है। वहीं वीरल के पोस्ट पर नेटिजन्स उनकी क्लास लगा रहे हैं। उनका कहना है कि वह शॉट्स पहन कर मंदिर कैसे जा सकती हैं।



## 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।इस बीच मेकर्स साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान ने एक्टर के दूसरे लुक को भी रिवील कर दिया है। पहले पोस्टर में कार्तिक मिट्टी से लथपथ दिखे थे. वो लंगोट पहने भाग रहे थे। अब दूसरे पोस्टर में एक्टर का अलग ही अवतार नजर आ रहा है। नए पोस्टर में कार्तिक बॉक्सर बने हुए हैं। फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन की कमिटमेंट और कोशिश उनके कमाल के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन में साफ देखी जा सकती है। शुरू से ही कार्तिक आर्यन और कबीर खान दोनों ने फिल्म में किरदार के लिए एक ऑथेंटिक रेसलर की फिजिक का लक्ष्य रखा था, और दूसरे पोस्टर में उस विजन को साफ देखा जा सकता है।

## टीवी मसाला

## पर्सनल लाइफ में घुसना है रियलिटी शो : आमिर अली

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर आमिर अली यूं तो कई रिएलिटी शोज का हिस्सा रहे हैं।लेकिन झलक दिखला जा 11 का एक्सपीरियंस उनके लिए बेहद अलग था. वो इसे अपना लास्ट रिएलिटी शो भी बताते हैं।



आमिर के मुताबिक मेकर्स उनकी पर्सनल लाइफ को दिखाने में ज्यादा इंटरेस्टेड थे, ना कि उनका डांस. एक्टर ने रिएलिटी शोज से तौबा कर ली है। आमिर ने एक इंटरव्यू में कहा- झलक दिखला जा...का एक्सपीरियंस अलग था। वो इतना चाहते थे जो मैं दे नहीं सकता था। वो मेरी पर्सनल लाइफ को दिखाना चाहते थे, जो मैं नहीं कर सकता था। रिएलिटी शोज आजकल बहुत बदल गए हैं। मुझे याद है मैं जब नच बलिए कर रहा था। वो लोग एक ईद स्पेशल कर रहे थे। उन्हें दिखाना था, लेकिन ईद एक हफ्ते बाद था। मैं इतना इनोसेंट था कि कहा ईद अगर एक हफ्ते बाद आ रहा है तो मैं इतना नकली नहीं हो सकता कि एक हफ्ते पहले दिखा दूं। मैं इतना मासूम था. मुझे लगता है कि भगवान मुझपर मेहरबान थे, जो फिर भी मुझे प्रोजेक्ट मिल जाते थे। लेकिन अब वक्त इतना बदल गया है कि रिएलिटी शोज आपकी निजी जिंदगी में घुसने लगे हैं। चीजें काफी पर्सनल हो गई हैं।वो मैं उन्हें नहीं दे सकता, जो उन्हें चाहिए।

### सुपरस्टार सिंगर 3' में गेस्ट बनकर पहुंचीं

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि वह तीन साल की उम्र में म्यूजिक और डांस से जुड़ गई थीं।. 1983 में 'पेंटर बाबू' से फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली मीनाक्षी शेषाद्रि ने चार भारतीय क्लासिकल डांस फॉर्म्स 'भरतनाट्यम', 'कुचिपुड़ी', 'कथक' और 'ओडिसी' में ट्रेनिंग ली। दरअसल, बच्चों के सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' में 'मीनाक्षी शेषाद्रि स्पेशल'गेस्ट के तौर पर शो में शामिल हुईं और अपने करियर के कुछ किस्से साझा किए। इस एपिसोड में हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले 9 साल के निशांत गुप्ता ने कैप्टन मोहम्मद दानिश के साथ फिल्म 'लक बाय चांस' के गाने 'बावरे' पर परफॉर्म किया। मीनाक्षी ने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह हर किसी के लिए शानदार परफॉर्मेंस थीं। उत्साह साफ देखने को मिल रहा था, हम सभी वहीं खड़े थे और ताल पर थिरक रहे थे, यह सचमुच जबरदस्त था।' 60 साल की एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आज इस स्टेज पर खड़े होकर, इन छोटे बच्चों को देखने के बाद, मुझे अपना बचपन याद आ गया है।



## जी 5 ने 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' का किया प्रीमियर

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी स्टोरीटेलर जी 5, सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूज किए गए हार्ड-हिटिंग क्राइम ड्रामा - 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' का प्रीमियर कर रहा है। द केरल स्टोरी की कामयाबी के बाद डाइरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और लीड एक्टर अदा शर्मा की कोर टीम, एक और धारदार व विचारोत्तेजक नैरेटिव लेकर आई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म, छत्तीसगढ़ की नक्सली बगावत को दबाने के लिए एक अकेले पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों पर केंद्रित है। फिल्म में अदा शर्मा के साथ-साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। आज से, दर्शक अब 'बस्तर' को विशेष रूप से जी 5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं! 'बस्तर' एक दिलचस्प दास्तान है जो नक्सली खतरे पर रोशनी डालती है। यह खतरा हजारों लोगों की जान ले चुका है और इसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचा रखी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म ऐसे वफादार पुलिस अधिकारी के कदमों को फॉलो करती है जो छत्तीसगढ़ में नक्सली विद्रोह से जूझने के लिए तमाम हदें पार कर जाता है। आपको अंदर तक झकझोर देने वाले भावुक पलों के साथ, 'बस्तर' इस मुद्दे की पेचीदगियों पर बेबाक नज़र डालती है। गुमनाम नायकों के आतंकवाद से लड़ने तथा अधिकारियों की निजी मुश्किलों और नक्सली समुदाय के खिलाफ उनकी साहसी जंग को गहराई से जानने के लिए जी 5 पर बस्तर को अवश्य देखें। यह फिल्म अब हिंदी और तेलुगु में भी उपलब्ध है। जी 5 के चीफ बिजनेस ऑफीसर मनीष कालरा ने बताया, 'जी 5 पर, हम हमेशा ऑडियंस के साथ जुड़ने वाली कहानियां दिखाने में सबसे आगे रहते हैं। 'बस्तर' हमारे कंटेंट लाइनअप में जोड़ी गई एक जोरदार फिल्म है, जो नक्सली विद्रोह जैसे संवेदनशील मुद्दे के साथ ईमानदारी से निपटती है।




## गंजे हो गए सलमान खान? बाल्ड लुक में वायरल हुई शर्टलेस तस्वीर

**नई दिल्ली।** सलमान खान इस समय अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वे देश के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं लेकिन हाल के सालों में उनकी कोई फिल्म फैंस को ज्यादा इंप्रेसिव नहीं लगी। लिहाजा उनके चाहने वाले फिर भी उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता की एक पुरानी तस्वीर रेडिट पर वायरल हो गई है जिसमें वो गंजे लुक में हैं और ऋतिक रोशन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अब वायरल हो रही तस्वीर में सलमान खान को कैमरे के सामने गंभीर पोज देते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि वो अपना गंजा लुक दिखा रहे हैं। तस्वीर में सलमान बिना शर्टलेस अंदाज में ऊपर से लेदर की जैकेट पहने दिख रहे हैं। उन्होंने जींस पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया और फोटो में ऋतिक रोशन भी मैचिंग पैंट के साथ काले रंग का टैंक टॉप में देखे जा सकते हैं। वैसे आपको बता दें कि ये सलमान की न तो किसी आने वाली फिल्म की है और न ही हाल के सालों में आई फिल्मों की है। बल्कि यह एक थ्रोबैक फोटो है जिसका अब लोगों पर अटेंशन गया है और फोटो पर बढ़ चढ़कर कमेंट्स कर रहे हैं।फोटो को देख एक यूजर ने लिखा, 'उनके पास फेस कार्ड है इसलिए उन पर कुछ भी काम करता है।' एक अन्य ने कहा, 'वो यहां रितिक पर भारी पड़ते हैं, ऐसा करना कठिन है!' एक यूजर ने कमेंट किया, 'बांद्रा का विन डीजल.' एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं सोच रहा था कि उसकी बेल्ट के आसपास क्या है।'



### दिल्ली क्राइम अंदर से झकझोर देगी

## सिर्फ 'खाकी' ही नहीं, रियल स्टोरी पर बेस्ड हैं ये 5 वेब सीरीज

***नई दिल्ली।** ओटीटी पर दर्शकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए अब मेकर्स भी दनादन वेब सीरीज पर लगातार काम करते नजर आ रहे हैं। आए दिन हमें ओटीटी पर एक नई वेब सीरीज देखने को मिल ही जाती हैं। आज हम आपको 5 ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दर्शकों ने बेहद पसंद किया और सारी वेब सीरीज सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है।*

### खाकी- द बिहार चैप्टर

यह एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है, जो नीरज पांडे द्वारा निर्मित और लिखित है। फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के तहत शीतल भाटिया द्वारा निर्मित इस सीरीज को ओटीटी पर काफी पसंद किया गया और साथ ही लोगों ने जमकर इस सीरीज पर अपना प्यार भी लुटाया। इस सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इस सीरीज में करण टैकर, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, ब्रिजेश्वर सिंह जतिन सरना, रवि किशन, आशुतोष राणा, निकिता दत्ता, ऐश्वर्या सुष्मिता, अनुप सोनी, श्रद्धा दास, नीरज कश्यप और भरत झा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज शेखपुरा जिला, नालंदा जिला और पटना जिला पर आधारित है।




### दिल्ली क्राइम

यह एक क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है, जो रिची मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका पहला सीजन 2012 के दिल्ली गैंगरेप के बाद पर आधारित है। वहीं, दूसरा सीजन चड्डी बनियान गैंग पर बेस्ड है। यह सीरीज आपको अंदर से झकझोर कर रख देगी। इसी सीरीज में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग मुख्य भूमिकाओं में हैं। ओटीटी पर आते ही यह सीरीज छा गई थी। अगर आपने इस सीरीज को मिस कर दिया है, तो आपको इसे एक बार जरूर देखनी चाहिए। इस सीरीज को भी आप नेटफ्किक्स पर देख सकते हैं।




### स्कैम 2003

द तेलगी स्टोरी: यह सीरीज अब्दुल करीम तेलगी की रियल लाइफ पर बेस्ड है, जो तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित है, जिसमें हंसल मेहता सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। इस सीरीज को भी ओटीटी पर काफी पसंद किया गया। 2000 के दशक की शुरुआत में अब्दुल करीम तेलगी द्वारा किए गए स्टांप पेपर जालसाजी की सच्ची कहानी पर आधारित इस सीरीज में गगन देव रियार, मुकेश तिवारी, सना अमीन शेख, भरत जाधव, शाद रंधावा और दिनेश लाल यादव मुख्य भूमिकाओं में हैं।इसे भी आप सोनी लीव देख सकते हैं।





### स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी

यह सीरीज हर्षद मेहता की रियल लाइफ पर बनाई गई थी, जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर देख सकते हैं।हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस सीरीज में प्रतीक गांधी नायक हर्षद मेहता की भूमिका में हैं, जबकि श्रेया धनवंतरी समानांतर मुख्य भूमिका में सुचेता दलाल के रूप में दिखाई दी थीं। वहीं, सतीश कौशिक, अनंत महादेवन, रजत कपूर, केके रैना, ललित परिमू, हेमंत खेर और निखिल द्विवेदी भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज को भी आप सोनी लीव देख सकते हैं। शिक्षा मंडल: यह सीरीज व्यापम स्कैम में जुड़े लोगों पर बनी बनाई गई थी, जो सैयद अहमद अफजल द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसमें गुलशन देवैया, गौहर खान और पवन मल्होत्रा ने अभिनय किया है।



## खबर संक्षेप

### विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र, ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई करने की मांग



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर क्षेत्र में चल रहे ओवरलोड गाड़ियों एवं अनियंत्रित गाड़ियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में मालवाहक ओवरलोड गाड़ीयों का परिचालन किया जा रहा है। वाहनो के चालक शराब पीकर, बिना हेल्पर के तेज गति सेओवरलोड, ओवर स्पीड एवं यातायात नियमों के विपरित वाहन चला रहें है। जिससे विगत एक माह में चुनाव के दौरान ग्राम-सोनसरी में 02, रेमण्ड परसदा मोड़ के पास 04, अमरताल में 01 एवं हरदी बाजार रोड बलौदा में पेट्रोल पंप के सामने 02 कुल 09 लोगो की मृत्यु हो चुकी है एवं कई घायल हुए हैं। लगातार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना से हो रही मौतों से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पूर्व में भी मेरे द्वारा पत्र के माध्यम से ओवरलोड, ओवर स्पीड एवं अमानक वाहनो पर कार्यवाही हेतु पत्राचार किया था किन्तु ठोस कार्यवाही के अभाव में अभी भी अवैध गाड़ीयों का परिचालन हो रहा है। जिससे जनहानि हो रही है। इसी प्रकार अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़को में 40-45 टन वजनी ओवरलोड गाड़ियों का परिचालन अभी भी हो रहा है। जिससे उक्त सड़के टुटकर क्षतिग्रस्त हो रही है व ग्रामीण सड़कों में हैवी वाहनों के परिचालन से कई बड़ी दुर्घटनाएं घट चूकीं है। विगत दिनो ग्राम लटिया में अनियंत्रित ट्रेलर से दुर्घटना से एक व्यक्ति घायल है जो अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नही करना उनकी संलिप्ता की ओर संदेह पैदा करता है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित ग्रामीण सड़कों मे हो रहे ओवरलोड गाड़ियों के परिचालन पर रोक लगाकर आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित करें। उचित कार्यवाही नही होने की स्थिति में क्षेत्रवासी जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में अभिषेक ने प्राप्त किया 90 प्रतिशत अंक



**तनौद।** लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण के छात्र अभिषेक साहू ने छ ग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थी अभिषेक साहू पिता अजय कुमार साहू समान्य किसान परिवार से हैं। वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय ,माता पिता सहित अपने गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया है।

### कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण शुरु



**सक्ती।** ग्राम पंचायत सकरेली (बा.) में श्री अखंड नवधा रामायण के आयोजन 16 मई से 26 मई तक आर्यन ग्रुप के द्वारा सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है।प्रथम दिवस में सर्वप्रथम कलस यात्रा निकाला गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। क्लश यात्रा ग्राम के बाजार चौक से निकल कर फाटक चौक, बजरंगी मोहल्ला ,गुड़ी मोहल्ला होते हुवे ग्राम के बड़े तालाब पहुंची फिर वहां से पानी भर कर ग्राम का भ्रमण करते हुवे वापस कथ स्थल वापस पहुंची। व्यास आचार्य धनेश्वर प्रसाद पांडेय के द्वारा पूजा अर्चना कर नवधा रामायण की शुरुआत की गई।

### प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश विद्यापीठ सिवनी (नैला) में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों को 16 मई को व्याख्यान द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता उमेश प्रधान ने कहा कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ परिश्रम सफलता की कुंजी है, जो प्रशिक्षणार्थी जितना मन लगाकर कर अध्ययन करता है उतना ही बेहतर परिणाम लाता है। धैर्य धारण कर निरंतर मेहनत से सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में लोकनाथ ताम्रकार, गणेश राम जांगड़े, तीज राम बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता लोकनाथ ताम्रकार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गणेश राम जांगड़े एवं तीज राम बंसल ने भी प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शित किया गया। प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि आगंतुकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शित एवं प्रेरित किया गया। सूर्यांश प्रांगण में अध्ययनरत विद्यार्थी ने समस्त आगंतुकों का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर नवीन सरवन, देवेंद्र पंकज , रमेश सूर्यवंशी , कुलेश कुमार, सुरेंद्र सूर्या, सरदेश कुमार लदेर, नीरज परिहार , सुधा खरसन, श्रुति खरसन, खुशबू नाज सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी गण उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि 13 जनवरी से पुलिस भर्ती पूर्व प्रशिक्षण का शुरुआत हुआ है जिसमें प्रतिदिन शारीरिक दक्षता के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा निरंतर अभ्यास एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसका लाभ स्थानीय प्रतिभागियों के साथ अन्य जिलों के प्रतिभागी ले रहे हैं। प्रशिक्षणार्थियों के लिए निः शुल्क आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर ने बैठक में तहसीलवार की समीक्षा

# कैम्प लगाकर लंबित प्रकरणों का करें निराकरण : छिकारा



समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर आकाश छिकारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- अवैध रेत परिवहन करने वालों पर भी कार्रवाई करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कैम्प लगाकर राजस्व के लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार 16 मई को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व के समय-सीमा से बाहर वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। कलेक्टर ने राजस्व के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कैम्प लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, लंबित अविवादित नामांतरण, भू राजस्व के बकाया के रूप में वसूली न्यायालय में लंबित विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, लंबित अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के लंबित प्रकरणों, भूमि त्रुटि सुधार के कार्य, शासकीय भूमि का अतिक्रमण को रोकने और जुर्माना वसूली एवं विभिन्न स्तरों पर प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, नवीन जांजगीर तहसील भवन निर्माण प्रगति, पहली कक्षा में भर्ती होने वाले छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाने, स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण के पहले दिन साक्षरता विकास के साथ नैतिक विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़





प्रशिक्षण में जानकारी देते अधिकारी एवं उपस्थित शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

- प्रथम दिन 57 प्राथमिक शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रही शामिल

पामगढ़ विकासखंड के चयनित 32 बालवाड़ी प्रशिक्षण के प्रथम दिन 57 प्राथमिक शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं। प्रशिक्षण की शुरुआत परिचय जिसमें नाम, नाम का अर्थ, पंसदीदा मिठाई, शौक आदि को शामिल करते हुए हुई।

इसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक के द्वारा इस प्रशिक्षण के संदर्भ व सभी से तीन दिन समय पर शामिल होने के लिए निर्देश दिया गया। चर्चा के अगले क्रम में सुगमकर्ता नीधिलता जयसवाल द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के उद्देश्य, महत्व, शिक्षा नीति-2020 व एनसीएफ-एफएसके संदर्भ पर प्रतिभागियों के अनुभवों को शामिल करते हुए चर्चा किया। अगले क्रम में सुगमकर्ता घनश्याम दिनकर द्वारा अपने बालवाड़ी के अनुभवों को शामिल करते एक बालगीत कराया गया। साथ प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों में 01 शिक्षिका व 01 कार्यकर्ता द्वारा अपने स्कूल/बालवाड़ी मेन बच्चों के करने वाले बालगीत को कराया। अगले क्रम में बच्चे की अवधारणा, अधिगम शैली, विविधता को विभिन्न गतिविधियों द्वारा समझा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभवो को साझा किया। अगले क्रम 4 गतिविधियां- बाटल सीधी रेखा व आंखे खुली व बंद करके चलना, बाटल को बाल्टी में ढालना, जोकर का चित्र बनाना व 4 माचिस की तीली से अंग्रेज़ी के अल्फाबेट बनाना प्रतिभागियों के साथ की गई, जिससे माध्यम से विकास के 5 आयामों- शारीरक विकास, भाषा व साक्षरता विकास, संज्ञानात्मक विकास, सौंदर्य बोध व सांस्कृतिक विकास एवं सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक विकास पर चर्चा की गई। प्रथम दिवस के अंत में विकासखंड स्रोत समन्वयक दुष्यंत कुमार भर्तिहरि , व डाईट से बालवाड़ी नोडल के एम जायसवाल द्वारा भी प्रतिभागियों को बालवाड़ी से संदर्भित मार्गदर्शन व आगे बच्चों के साथ कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रशिक्षण में अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन के नवनीत कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा ह।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा मे सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय अकलतरा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में 51 छात्र प्रथम श्रेणी से 35 छात्र द्वितीय श्रेणी में 2 छात्रा तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं में 92 प्रतिशत अंकों के साथ महक नायक ने प्रथम स्थान, सुभा गौतम 90.1 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं रूपाली कौशिक 89.3 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में प्रांजल श्रीवास ने 73.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, डेविड सोनवानी ने 72.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं चंद्रशेखर देवांगन 72.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार के द्वारा छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## बच्चों में उत्साहवर्धन के लिए समर कैम्प अच्छा विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनडीह में 15 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया



समर कैम्प में उपस्थित बच्चे।

विकास खण्ड अकलतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनडीह के प्रांगण में 15 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया।

समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रत्नमाला सिंह ने कहा कि ग्रीष्मावकाश में स्कूल बंद होने के कारण पढ़ने लिखने का क्रम टूट जाता है जिससे नए सत्र की शुरूवात बच्चों में उत्साह की कमी रहती है समर कैम्प एक अच्छा विकल्प है। बच्चों में उत्साहवर्धन के लिए खेलकूद, व्यायाम, चित्रकला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां होनी चाहिए जिससे बच्चों में रुचि बनी रहे और विद्यालय के प्रति आकर्षण भी बना रहे। बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस ने कहा कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों को रचनात्मक कार्यों में संलग्न रखना है। सोनडीह के समर कैंप में में इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता शिक्षकों के विशेष प्रयास से ही संभव है। समर कैंप के दौरान शाला के शिक्षक समेलाल मौवार एवं शिव कुमार के द्वारा शाला विकास एवम्‌प्रबंधन समिति तथा पालकों के सहयोग से चित्रकला, मिट्टी से खिलौना निर्माण, योगाभ्यास, व्यायाम करना, पेपर से टोपी बनाना ,बाजार पर रचनात्मक कार्य ,मिट्टी के द्वारा खिलौने, फल,सब्जी, टोकरी, मूर्तियां इत्यादि बनाना सिखाया गया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए शिक्षण सामग्री एक कक्ष में सुसज्जित प्रदर्शनी के लिए रखा गया साथ ही विद्यालय में किचन गार्डन तैयार किया गया व विभाग द्वारा प्रदत्त किताबो से मुस्कान पुस्तकालय बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा स्मार्ट क्लॉस हेतु स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर की मांग भी रखी गई जिस पर बीईओ एवं बीआरसी के द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में सीएसी प्रवीण पाटनवार, प्रधान पाठक खम्हान प्रसाद साहू,अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य आशा राम, शैलजा , सत्यनारायण यादव पालक गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मार्ग में जगह-जगह बना गड्ढा लोगों को हो रही परेशानी

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। लोगों को आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसा भी नही की इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा उच्च अधिकारियों को ना दी गई हो, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है, जिसके चलते जर्वे, पिसौद, पीथमपुर मार्ग से होकर आने-जाने वाले लोगों को सर्वाधिक परेशानी होती है। जिम्मेदार विभाग को इससे कोई सरोकार नहीं है।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेल्थ केयर के छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राएं।

नायक मेटरनिटी एंड सर्जिकल सेंटर चांपा में इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेल्थ केयर के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के निर्देशानुसार नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत नियमित छात्र छात्राओं का 10 दिवसीय इंटर्नशिप करने का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत नगर के श्रेष्ठतम शिक्षा संस्थान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चांपा में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज बघेल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में व्यावसायिक पाठ्यक्रम चांपा में अध्यनरत हेल्थ केयर पाठ्यक्रम के नियमित छात्र छात्राओं को नायक मेटरनिटी एंड सर्जिकल हॉस्पिटल चांपा में19 से 29 अप्रैल तक 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कराया गया। डॉ जी के नायक सहित अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य,सुरक्षा,बीमारियों से बचाव, विभिन्न बीमारियों के लक्षण व ईलाज,आवश्यक उपकरणों, आपरेशन थियेटर के संबंध में विस्तृत सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी अत्यंत रोचक तरीके से अवगत कराया गया।प्रशिक्षण के उपरांत हेल्थ केयर के समस्त छात्र-छात्राओं को आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चांपा में एक कार्यक्रम आयोजित कर संस्था के प्राचार्य निखिल मसीह, हिंदी माध्यम के प्रभारी प्राचार्य रमाकांत साव,उप प्राचार्य भास्कर शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता आरपी मरकाम, रामचन्द्र राठौर, सचिव देव बर्मन,प्रशिक्षक मनोज बघेल,कार्यक्रम संचालक रविंद्र द्विवेदी, गोविंद शर्मा, सोमनाथ पाण्डेय तथा समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं एवं अभिभावकगण की उपस्थिति में सफल इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अवसर पर संस्था के प्राचार्य निखिल मसीह ने सभी छात्र छात्राओं को लग्न एवं उत्साह के साथ इंटर्नशिप प्रशिक्षण हेतु बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेजेस हसौद की बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



- 10 वीं की छात्रा खुशबू निराला ने 87 .76 प्रतिशत के साथ बनाया विद्यालय में प्रथम स्थान

स्वामी आन्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का कुल औसत परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा। विद्यालय के मेधावी छात्र - छात्राओं ने 10 वीं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में विशेष योग्यता के साथ उत्कृष्ट अंक अर्जित कर माता - पिता सहित विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय स्तर में कक्षा 10 वीं की छात्रा खुशबू निराला ने 87.83%, नरेंद्र कुमार सोनवानी 82.76%, रत्ना कश्यप 81.33%, कृतिका दिव्य 80.69%, रीमा दीपाली साहू 77%, तुलसी खटरजी 73.83%, पियूष निराला 73.5%, करुणा साहू 73.5%, गोपाल साहू 72.16%, राहुल साहू 71.5%, संदीप पटेल 70.67% तथा अन्य छात्र छात्राएं प्रथम व द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी तरह 12 वीं में अंजली जायसवाल 73.8% अंक साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय के प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों को बधाई तथा शुभकामना दी। परीक्षा प्रभारी विश्वजीत सिंह, अभिषेक पांडेय, वैशाली गौरहा, आयुष दुबे, तथा व्याख्याता प्रियतमा मिंज , निमिषा कंवर, प्रेमलता बर्मन, कामेश निषाद मिलाप सिंह मल्होत्रा, क्रीड़ाधिकारी सोहन यादव, ग्रंथपाल किरण साहू तथा विद्यालय परिवार ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ईश्वर की परीक्षा लेने वाले मनुष्य को कभी नहीं मिलती सफलता : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

- खोरसी में संगीतमय शिव कथा सुनने जुट रही लोगों की भीड़



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पंडित शुक्ला।

राधे मित्र मंडली के सदस्यों एवं ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम पंचायत खोरसी में आयोजित संगीतमय शिव कथा महोत्सव के तृतीय दिवस कथा व्यास पंडित रमेश भाई शुक्ला (लखनपुर खीरी लखनऊ उत्तर प्रदेश) ने उपस्थित श्रोता समाज एवं श्रद्धालु भक्त जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर की परीक्षा लेता है वह जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं करता अर्थात उसे शिव की प्राप्ति नहीं होती। कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि माता सती को भगवान शंकर ने समझाया कि राम ही मेरे आराध्य देव हैं उनसे बढ़कर इस संसार में कोई नहीं है, लेकिन माता सती यह मानने को तैयार ही नहीं हुई क्योंकि आपसे बढ़कर इस संसार में कोई नहीं आप सभी देवताओं के देव अर्थात महादेव हो राम तो राजा दशरथ के राजकुमार है जिनके स्त्री को रावण चुराकर ले गए हैं उसी की खोज में वह वन में भटक रहे हैं। माता सती भगवान भोलेनाथ के बार बार समझाने पर भी नहीं मानी तो उन्होंने कहा कि आप राम की परीक्षा लेकर देख लो यदि उस परीक्षा में सफल हो सकती है तो अच्छी बात है तब सती राम की परीक्षा लेने के लिए सीता का रुप धारण कर उस पर पर चलने लगी और वह राम से आगे बढ़ने लगी तब राम ने उसे पहचान लिया और उसे कुशल क्षेम पूछा और आप भोलेनाथ को साथ लेकर नहीं आये और उसे प्रणाम करने लगे तब राम सती से कहा जो मेरी परीक्षा लेते हैं वह जीवन कभी भी सफल नहीं हो सकता और न उन्हें शिव की प्राप्ति होती है। इसलिए मनुष्य को ईश्वर की प्रतीक्षा करनी चाहिए न कि परीक्षा। शिव कथा महोत्सव में प्रतिदिन रुद्राभिषेक किया जा रहा है, जिसमें राधे मित्र मंडली के सदस्यों द्वारा बारी बारी से सहभागिता सुनिश्चित किया जा रहा है । शिव कथा महोत्सव में मुख्य यजमान के रूप में रामप्रसाद साहू , अश्वनी कुमार साहू एवं गौरीशंकर यादव सपत्निक शिव कथा का रसपान किया जा रहा है। उसके साथ कथा महोत्सव में दीपक कुमार दुबे, प्रशांत कुमार दुबे उपसरपंच ग्राम पंचायत खोरसी, डोलसिंग पटेल, ओमप्रकाश शर्मा भागवताचार्य खरौद, बसंत कुमार देवांगन प्राचार्य, मनीराम साहू धरदेई ,खेदनाथ साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामभगत साहू बरसाती साहू, कन्हैया लाल साहू, राजकुमार साहू, रामकुमार साहू, शंकर लाल साहू, सुभाष साहू, चंद्र कुमार साहू, रविशंकर यादव, रविंदर चौहान, संतोष साहू, सुन्दर लाल सोन,सनत कुमार निर्मल कर , योगेन्द्र लेखनहार गायग्वाल, लकेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे। शिव कथा महोत्सव का सफल संचालन भागवताचार्य विनोद कुमार दुबे सिलादेही के द्वारा किया जा रहा है।

